Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7675	23.08.2023	23.08.2023	Lalitpur Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/lalitpur/diarrhea-was-spread-by-drinking-dirty-water-of-hand-pump-in-dulawan-lalitpur-news-c-131-1-ltp1002-2635-2023-08-23
Title:	**Diarrhoea spreads due to drinking dirty water of hand pump in district Lalitpur, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Lalitpur, SSU- Uttar Pradesh			

विकास खंड बार के डुलावन गांव में हैंडपंप से दूषित पानी निकल रहा था। जिसके प्रयोग से वहां डायरिया फैल गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हैंडपंप का हैंडिल हटवाया दिया है, साथ ही पानी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा है। दूसरे दिन भी गांव में टीम ने दवाई बांटी। वहीं, सफाईकर्मी के गांव में न पहुंचने की सूचना पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सफाई कर्मचारी की जांच के लिए एडीओ पंचायत बार को निर्देशित किया।

डुलावन गांव के में पिछले दो-तीन दिन से डायरिया फैला है। सोमवार को एक महिला की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों की मानें तो कई लोग सामुुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना उपचार करा चुके हैं।

उधर, रविवार की रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गांव के छह लोगों को उपचार के लिए लाया गया, जहां चार मरीजों की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया था। वहीं अन्य मरीजों की उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई।

वहीं सोमवार को भी 12-14 लोग उपचार के लिए पहुंचे। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का वितरण किया। सोमवार की शाम गांव की एक महिला की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। मंंगलवार को भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में पहुंचकर लोगों की जांच कर उपचार किया। हालांकि कोई नए मरीज सामने नहीं आए।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की जांच

गांव में डायरिया फैलने की सूचना के बाद लगातार दूसरे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. शशांक साहू अपनी टीम के साथ गांव में पहुंचे। जहां उन्होंने उल्टी-दस्त के रोगियों की जांच की व डेढ़ दर्जन लोगों की जांच कर दवाओं का वितरण किया । इसके साथ ही पूरे गांव में जांच कर लोगों को स्वच्छ पानी उपयोग करने की सलाह दी। इस दौरान डॉ. अंशुल जैन, विजय कुमार वर्मा, देवी दयाल, पहलवान सिंह, दीपक कुमार, अभिषेक वाल्मीकि मौजूद रहे।

ग्राम डुलावन में सफाई कर्मचारी की लापरवाही प्रकाश में आई है, इस संबंध में एडीओ पंचायत बार को निर्देश दिए गए हैं, वह जांच कर आख्या प्रस्तुत करें, जिससे सफाई कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा सके। -नवीन मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी।